## एक नजर में

### बीज निरीक्षकों की नियुक्ति

**रतलाम।** उप संचालक उद्यान मंगल सिंह डोडवे ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन बीज नियंत्रण आदेश 1983 की धारा 12 के अंतर्गत आवश्यकता अनुसार बीज निरीक्षकों की नियुक्ति के आधार पर मध्य प्रदेश शासन कृषि विभाग की अधिसूचना के द्वारा बीज नियम 1968 की धारा 22 के अंतर्गत निर्धारित योग्यता उद्यानिक स्नातक एवं स्नोकत्तर होने से तथा संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेण वानिकी मध्य प्रदेश भोपाल के पत्र अनुसार प्राप्त दिशा निर्देशों के पालन में विकासखण्ड अंतर्गत उद्यानिकी से संबंधित बीज विक्रय दोष/ प्रतिष्ठानों के नियमानुसार बीज निरीक्षक नियुक्त किये जाते हैं। शैतान सिंह अग्रवाल विकासखंड रतलाम, अरविंद भाटी विकासखंड रतलाम, जवाहर आचार्य विकासखंड पिपलोदा, यश कुमार विकासखंड आलोट, दौलत सिंह मईड़ा विकासखंड बाजना, गुलाब सिंह खराड़ी विकासखंड सैलाना को बीज निरीक्षक के रूप में नियुक्त कर तत्काल सब्जी बीज विक्रय दुकानों का सतत निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### नगर निगम कार्यालय परिसर में आज से लगेगा तीन दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय मेला

**रतलाम।** भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार ''अंगीकार-2025'' अभियान के तहत 27 से 29 अक्टूबर तक नगर निगम कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय मेले का आयोजन किया गया है। आयोजित तीन दिवसीय आवासीय मेले में पीएमएवाय 2.0 बीएलसी, पीएम सुर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, आयुष्मान भारत, हैल्थ कैम्प, पीएम स्वनिधि व आईएसएस लोन से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा। नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि आयोजित मेले में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेवें।

### छात्रों को डाक विभाग स्पीड पोस्ट पर देगा 10 प्रतिशत विशेष छूट

**रतलाम।** अधीक्षक डाकघर रतलाम संभाग राजेश कुमावत ने बताया कि 1 नवंबर से डाक विभाग की प्रीमियम सेवा स्पीड पोस्ट योजना लागू होगी। योजना अंतर्गत डाक विभाग छात्रों को स्पीड पोस्ट पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट देगा ।साथ ही रतलाम और झाबुआ प्रधान डाकघरों में डाक और पार्सल बुकिंग का समय रात्रि आठ बजे तक बढ़ा दिया गया है। छात्रों और युवाओं द्वारा मान्यता प्राप्त सरकारी या निजी शैक्षणिक संस्थानों, केंद्र/राज्य सरकार की भर्ती एजेंसियों को भेजे जाने वाले आवेदन और अन्य पत्र-व्यवहार के लिए स्पीड पोस्ट सेवाओं का उपयोग करने पर डाक शुल्क में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह योजना विशेष रूप से मान्यता प्राप्त स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों (केंद्र/राज्य सरकार की भर्ती या अन्य समकक्ष भर्ती एजेंसियों) और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) को संबोधित स्पीड पोस्ट डाक्युमेंट की रिटेल बुकिंग पर लागू होगी। डाक विभाग द्वारा योजना का लाभ लेने हेतु निम्न शर्ते लागू है- स्पीड पोस्ट डाक पर प्रेषक के रूप में एक छात्र का नाम होना चाहिए। प्रेषक का नाम और छात्र आईडी पर दिया गया नाम एक होना चाहिए।, प्राप्तकर्ता कोई मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान (स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, या समकक्ष) या भर्ती एजेंसियां (जैसे यूपीएससी, राज्य पीएससी, राज्य अधीनस्थ बोर्ड, एनटीए या अन्य समकक्ष भर्ती एजेंसियां) होनी चाहिए।, स्पीड पोस्ट बुकिंग के समय छात्र को मान्यता प्राप्त संस्थान द्वारा जारी अपना वैध मूल पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।, स्पीड पोस्ट के डाक शुल्क पर 10त्न की छूट मिलेगी।, स्पीड पोस्ट पर मिलने वाली रजिस्ट्रेशन, पीओडी और ओटीपी आधारित डिलीवरी जैसी वेल्यू एडेड सेवाओं के प्रभार पर यह छूट लागू नहीं होगी।, प्रत्येक डाक लिफाफे पर स्पष्ट रूप से विद्यार्थी डाक लिखा होना चाहिए। स्पीड पोस्ट भारतीय डाक द्वारा 1 अगस्त, 1986 को एक प्रीमियम और समयबद्ध डाक सेवा के रूप में शुरू की गई थी। यह तेज़ और समयबद्ध डिलीवरी सेवा हेतु जानी जाती हैं और अत्यंत लोकप्रिय भी। वर्तमान में यह सेवा 1.64 लाख डाकघरों में उपलब्ध है। स्पीड पोस्ट के नियमित उपयोगकर्ताओं के लिए बुक नाऊ पे लेटर एवं नि:शुल्क पिक-अप सेवा, जैसी सुविधाएँ उपलब्ध है। हाल ही में स्पीड पोस्ट ग्राहकों के लिए रजिस्ट्रेशन और ओटीपी आधारित डिलीवरी जैसी वेल्यू एडेड सेवाएं प्रारंभ की गई है। डाक विभाग अपने ग्राहकों को सीओडी (कैश ऑन डिलीवरी) सुविधा भी उपलब्ध करा रहा है जो उद्यमियों के लिए व्यापार विस्तार में बहुत सहायक सिद्ध हो रही है।

### 57 बल्क लीटर अवैध शराब की जप्त, आरोपी गिरफ्तार

**जावरा।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने अवैध शराब की तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही कर अंकुश लगाने हेतु सभी थानो को निर्देशित किया, निर्देशो के पालन में अति .पुलिस अधीक्षक रतलाम ग्रामीण विवेक कुमार लाल, अनुविभागीय अधिकारी संदीप मालवीय के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा विक्रमसिंह चौहान के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी ।गठित टीम द्वारा शनिवार को मुखबिर सूचना पर बामनखेडी रोड पोल्ट्री फार्म से पहले आरोपी जीवन पिता गंगाराम पोरवाल उम्र 29 साल निवासी ग्राम कुमारी थाना रिंगनोद के कब्जे से एक लाल रंग की अल्टो कार से कुल 57 बल्क लीटर अवैध शराब कीमत करीबन 27,880 रुपये की जो परिवहन करते विधिवत जप्त कर आरोपी की गिरफ्तारी की गई। थाना पर धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम का अपराध पंजीबध्द कर अनुसंधान में लिया गया। अपराध मे अवैध शराब के स्त्रोत की पतारसी की जा रही है। निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान, उनि प्रतापसिह भदौरीया, उनि कुलदीप देथलिया, सउनि नरेश पाण्डेय, प्रआर संजय आँजना, प्रआरहेमन्त लिम्बोदिया आर चेतन राठौर, आर प्रीतम चावला, आर .बालकृष्ण, आर सतपालसिंह, आर यौगेश राठौर, आर मनोज डाबी, आर गोपाल मदारिया की सराहनीय भूमिका रही।

### पर्यावरण, मृदा उर्वरता एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावों की दी जानकारी


**जावरा।** सॉलिडरिडाड संस्था द्वारा ग्राम मुंडलाराम में महिलाओं के लिए सुरक्षित खाद्य एवं जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देने हेतु पुनर्योजी कृषि पद्धति पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन यूरोपियन संघ (श्व) एवं सॉलिडरिडाड द्वारा संचालित कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। प्रशिक्षण में रासायनिक आधारित खेती से पर्यावरण, मृदा उर्वरता एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही खाद्य पदार्थों की गिरती गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए उसके समाधान के रूप में पुनर्योजी कृषि पद्धति अपनाने पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने महिलाओं को जैविक एवं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध आदानों के उपयोग, पशुपालन के समन्वय, फसल चक्र अपनाने, आच्छादन फसलों के उपयोग एवं प्रभावी जल प्रबंधन के सिद्धांतों के बारे में बताया। प्रशिक्षण के दौरान घर की बाड़ी एवं पारिवारिक पोषण सुरक्षा के महत्व पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही महिलाओं में पोषण की कमी, विशेष रूप से एनीमिया जैसी स्वास्थ्य समस्याओं पर जागरूकता दी गई। सोया आधारित खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल कर पोषण स्तर बढ़ाने की उपयोगी जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में संस्था से राहुल गहलोत एवं प्रकाश धाकड़ उपस्थित रहे। महिलाओं ने प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए इस प्रकार की गतिविधियों को समय-समय पर आयोजित करने की मांग की।

### अपडाउनर्स संगठन संयोजक ने की इंदौर-चितौड़ के बीच मेमू गाड़ियां चलाने की मांग

**रतलाम।** इंदौर चितौड़ ब्रांड गेज होने के बाद से ही मार्ग पर डेमू ट्रेनें चल रही हैं जो कि डॉ. अंबेडकर नगर (महू) से चित्तौड़गढ़ तक और एक रैक भीलवाड़ा तक जाता है। उज्जैन नागदा रतलाम अप डाउन संगठन के संयोजक महेंद्र नागर ने बताया कि ब्रांड गेज परिवर्तन के बाद से ही जो डेमू के रैक पटरियों पर दौड़ रहे हैं उनकी हालत बहुत ही खराब हो गई है बैठने की सीटें फट चुकी है, ट्रेन के शौचालयों की स्थिति भी बहुत खराब हो चुकी है डिब्बों में बदबू आती रहती है और ट्रेन आये दिन कहीं भी खड़ी हो जाती है। डेमू ट्रेनों का मेंटेनेंस होने के बाद भी आग लगने की दुर्घटना आम हो गई हैं जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। 16 अक्टूबर को सुबह 6:30 रतलाम से इंदौर जाने वाली 79310 डेमू ट्रेन इंजन में खराबी के कारण 1:40 मिनट की देरी से माल गाड़ी का इंजन लगाकर चली सुबह जल्दी इंदौर जाने वाली ट्रेन में यात्रा करने वाले अधिकांश लोग, व्यापारी ,नौकरीपेशा, मजदूर वर्ग के ही होते हैं इस प्रकार से बार बार ट्रेन में खराबी आने से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। अप डाउनर्स संगठन के महेंद्र नागर ने रेलवे बोर्ड और पश्चिम रेलवे मुख्यालय को ईमेल पर पत्र लिखकर शीघ्र ही मेमू ट्रेनें चलाने की मांग की है।

## भौरासा नगर में करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन 29 को

**मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 29 को सोनकच्छ विधानसभा का करेंगे दौरा**



**देवास/भौरासा।** प्रदेश के नगरी विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गी का 29 अक्टूबर बुधवार को सोनकच्छ विधानसभा का दौरा प्रस्तावित है मंत्री विजयवर्गीय के दौरे को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है विधायक डॉ राजेश सोनकर द्वारा विधानसभा के सभी पांचो भाजपा मंडलों के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर दौरे की जानकारी देते हुए तैयारी करने के लिए निर्देशित किया गया है साथ ही स्वागत की तैयारी भी शुरू कर दी गई है संवरसी में शहीद संजय मीणा के घर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे मंत्री विजयवर्गीय का दौरा नगर परिषद भौरासा से शुरू होगा यहां पर विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन होगा। इसके बाद मंत्री ग्राम संवरसी में शहीद संजय मीणा के घर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे टोंकखुर्द में एसडीएम कार्यालय राजस्व के नवनिर्मित कार्यालय का लोकार्पण खरेली में हायर सेकेंडरी स्कूल के नवीन भवन का लोकार्पण चिडावद में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का लोकार्पण सहित अन्य गांव में भी विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमि पूजन करेंगे।

भौरासा नगर में बस स्टैंड से लेकर आजाद चौक तक बनने वाले रोड, सिकखेड़ी रोड व काकड़दा,रोड सहित अन्य रोड का लोकार्पण करेंगे एव वार्ड नंबर 2 श्मशान घाट मार्ग,व वार्ड नंबर 6 मंत्री वाली गली भंवरनाथ मार्ग एवं वार्ड नंबर 8 पंडकपाल रोड शहीत अन्य रोड का करेंगे भूमि पूजन।

## देवेन्द्रसिंह श्री राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष नियुक्त



**देवास।** देश के सबसे बड़े राजपूत संगठन श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष सहेन्द्र सिंह द्वारा देवास जिला अध्यक्ष पद पर देवेन्द्रसिंह खटाम्बा व कु.युवराज सिंह जादौन को देवास नगर अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष विशाल सिंह रघुवंशी (चिंटू भैया), जितेन्द्र सिंह, जयदीप सिंह, दलवीर सिंह, पोपसिंह, अजय भोले,विजय सिंह, रोहित चौहान, कुंदन सिंह, बंधन चौधरी, विकाश यादव, दीपक नगर, सतीश बन्ना, पवन बन्ना, राजा बन्ना, चेतन बन्ना अमोना, कल्याण झाला, सुधीर सिंह, सुमित बन्ना आदि ने बधाई दी। उक्त जानकारी युवराज बन्ना जामगोद ने दी।

## माही वर्मा ने वाटर स्पोर्ट्स में नाम रोशन किया



**देवास।** हाल ही में 15 से 21 अक्टूबर को ओमान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेलिंग प्रतियोगिता में देवास की बेटी माही वर्मा ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया और देश के लिए कांस्य पदक जीता। इस बड़ी उपलब्धि पर देवास जिला तैराकी संघ एवं सेलिंग एसोसिएशन द्वारा माही वर्मा का सम्मान समारोह वीर सावरकर तरण पुष्कर, कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर में आयोजित किया गया। संघ के सभी पदाधिकारियों ने माही को हार पहनाकर स्वागत किया। संघ के सचिव ओ.पी. जगावत द्वारा माही को प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संघ के रामजी, मनोज जैन, विजय गेहलोत, हेमंत शर्मा, अजय सिंह, गणेश खोलकर, मनीष पाल, सौरभ कहार, हैप्पी महाजन, हंस राजानी, हिमांशु सिंह, एकलव्य अवार्डी आरती सेन सहित माही के माता-पिता, दादा , मामा तथा कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उक्त जानकारी संघ के सचिव ओ.पी. जगावत ने दी।

## सद्भावना मंडल द्वारा दिवाली मिलन समारोह





**भजनों पर झूमी महिलाएं**

**देवास।** कर्मचारी कॉलोनी सदभावना मंडल द्वारा दिवाली मिलन समारोह आयोजन रखा गया जिसमें कर्मचारी कॉलोनी के सभी निवासी बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। पूरे वातावरण में जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठी, और भक्तिभाव से ओतप्रोत सुंदरकांड पाठ ने सबके मन को आल्हादित कर दिया। महिलाओं ने भक्ति रस से सराबोर होकर भजनों पर झूम-झूम कर आनंद लिया, और पूरे परिसर में एक अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। अंत में अन्नकूट के प्रसाद का वितरण हुआ, जहाँ सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन, सचिव संजय तिवारी (गुड्डू), कोषाध्यक्ष संतोष सावंत, राजू मल्होत्रा, विनोद महेश्वरी, मुन्ना जायसवाल, संजय खंडेलवाल, देव चौरसिया, बंटी चौधरी, जितेन्द्र जायसवाल, गौरव व्यास, मुकेश तिवारी, महिला कार्यकारणी सदस्य राखी झालानी, स्वाति कुमार, नलिनी शर्मा, सारिका यादव, ज्योति जायसवाल, वरिष्ठ रहवासी डॉ कुमार , राधेश्याम सोनी, किशोर पंड्या, सुभाष जैन,चंद्रकांत दीक्षित, अखिल ब्राह्मण देवास समाज के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, धर्मेन्द्र मिश्रा, सहित कर्मचारी कॉलोनी के रहवासी उपस्थित रहे । उक्त कार्यक्रम में महिला बल विकास के अंतर्गत बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सीमा यादव ने अपना उद्बोधन दिया जिसमें महिला शक्तिकरण एवं आज के दौर में महिला की क्या भूमिका होनी चाहिए के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की उक्त जानकारी सचिव संजय तिवारी (गुड्डू) ने दी।

## मां चामुंडा सेवा समिति ने खेड़ापति रामायण मंडल का किया अभिनंदन



**देवास।** एमजी रोड स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में रविवार को अन्नकूट भंडारे के दौरान मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में मुख्य पुजारी लीलाधर उपाध्याय परिवार एवं 12 माह सेवा करने वाले खेड़ापति रामायण मंडल के भक्तों का शाल, श्रीफल, मां तुलजा भवानी, मां चामुंडा की तस्वीर भेंट कर पुष्माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि बैंक नोट प्रेस के उप महाप्रबंधक अभिराजसिंह ठाकुर, मीनल ठाकुर, समाजसेवी नारायण व्यास, शंकरलाल शर्मा थे। मुख्य पुजारी लीलाधर उपाध्याय, परिवार व खेड़ापति रामायण मंडल के लीलाधर उपाध्याय, हरिनारायण विजयवर्गीय, कल्याण भूतड़ा, प्रहलाद अग्रवाल, मनोहर कौशल, रामरतन वर्मा, अशोक जीनवाल, गणेश विजयवर्गीय, नवीन जोशी, ओम राठौड़, रामदास पटेल, शैलेंद्र जोशी, राजेंद्र पांचाल आदि का शाल-श्रीफल, चुन्नी, मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा की तस्वीर भेंट कर पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। श्री जलोदिया ने कहा कि सेवा ही परमो धर्म है। 12 माह सेवा एवं धर्म के कार्य में अग्रणी रहने वाले का सम्मान करना हमारा परम सौभाग्य है। इस अवसर पर विनोद जयसवाल, नरेंद्र मिश्रा, उम्मेदसिंह राठौड़, राजेश गोस्वामी, राधेश्याम सोनी, प्रदीप लाठी, अनिलसिंह सिकरवार, अमित बागलीकर, मातृशक्ति मंजू जलोदिया, प्रेमलता चौहान, दुर्गा व्यास संगीता जोशी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रामेश्वर जलोदिया ने किया। आभार उम्मेदसिंह राठौड़ ने माना।

## नेताओं का दीपावली मिलन समारोह



**भौरासा।** दीपावली का त्यौहार समाप्त होने के बाद अब नेताओं का दीपावली मिलन समारोह शुरू हो गया है जहां बीजेपी कांग्रेस के नेताओं के द्वारा अपने-अपने कार्यकर्ताओं व समर्थकों के लिए मिलन समारोह के आयोजन का सिलसिला सारे नगर में शुरू हो गया है इस आयोजन में नेताओं के द्वारा अपने समर्थ को को नाश्ता एवं भौज भी दिया जा रहा है देवउठनी ग्यारस तब यह सिलसिला चलता रहेगा इस तरह के मिलन समारोह के आयोजन के सिलसिले की शुरुआत दीपावली से सिलसिलेवार जारी है जगह-जगह समाज जन के मिलन समारोह भी आयोजित हो रहे हैं।

## मानव उत्थान सेवा समिति ने किया सफाई कार्य



**देवास।** भारत सरकार के महत्वपूर्ण स्वच्छता अभियान अंतर्गत मानव धर्म के प्रणेता सदगुरु देव श्री सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से अखिल भारतीय सामाजिक व आध्यात्मिक संस्था मानव उत्थान सेवा समिति की देवास जिला इकाई द्वारा आज बागली जनपद परिसर में समिति के सेवादारों द्वारा सेवा भावना के साथ साफ सफाई सेवा कार्य किया गया। समिति के जिला सचिव व अपनी ग्राम पंचायत को वर्ष 2008 में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा निर्मल ग्राम पुरस्कार दिलवाने वाले सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह परिहार, ज्ञान सिंह चौहान, लखन सिंह राजपूत, राम सिंह बागवान, सुंदर सिंह चंदेल, राहुल चंदेल, प्रवीण बघेल, विशाल देवड़ा, तेजू सोलंकी, विकास भुसारिया, आकाश राजपूत, लोकेश काजलिया, रोहित काजलिया, रणछोड़ डाबर आदि सोबल्यापुरा, राततलाई, पुंजपुरा, भिकुपुरा, पांजरिया से आए सेवादारों ने साफ सफाई का कार्य बड़ी लगन के साथ किया।

## संस्था समर्पित ने कपड़े, खाद्यान्न, मेडिकल सामग्रियों का दान किया



**देवास।** समर्पित सामाजिक संस्था देवास द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी घर-घर से नए, पुराने कपड़े एकत्रित कर सेवाधाम आश्रम में दान किए गए। संस्था के सदस्य अर्पित माहेश्वरी ने बताया कि संस्था समर्पित द्वारा प्रतिवर्ष घर-घर से नए पुराने कपड़े एकत्रित किए जाते है, जिन्हें जरूरतमंद, गरीब अथवा आश्रमो में दिए जाते है, इस वर्ष भी इसी प्रकार सेवाधाम आश्रम में जहां मानसिक रूप से विक्षिप्त छोटे बच्चे, बड़े, बुजुर्ग, महिलाओं के लिए लगभग 1800 से ज्यादा कपड़े, 1000 से ज्यादा नमकीन पैकेट्स, खाद्यान्न सामग्री, तेल, दीपक, पटाखे एवं मेडिकल सामग्री आश्रम में दान की गई। उक्त कार्यक्रम में निकुंज बिन्नानी, डॉ. तुषार घोड़ावत, पंकज मंडलोई, दिनेश यादव, प्रतीक शर्मा आदि लोगों द्वारा सहयोग किया गया। संस्था के सचिव आशीष जोशी द्वारा समस्त दान दाताओं का आभार प्रकट किया गया एवं सेवाधाम आश्रम के संचालक सुधीर गोयल (भाईजी) के द्वारा संस्था समर्पित को धन्यवाद दिया गया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना अंगीकार अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन 27 को

**देवास।** नगर पालिक निगम देवास द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंगीकार अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर सभागार मे 27 अक्टूबर समय प्रातः 11 को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में ऐसे हितग्राही जिनकी स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त हो चुकी है उनको स्वीकृति पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी घटकों इंट्रेस्ट सब्सिडी योजना (आईएसएस) जिसके अंतर्गत आवास ऋण पर पात्रता अनुसार 1.80 लाख का ब्याज अनुदान प्राप्त किया जा सकता हैं इस हेतु आवास ऋण मेला आयोजित होगा। स्वनिर्माण (बीएलसी) जिसके ऐसे ईडब्ल्यूएस श्रेणी के आवेदक जिनके पास पट्टे अथवा स्वयं की भूमि है को भवन निर्माण हेतु शासन से राशि रूपये 2.50 लाख का अनुदान प्राप्त होता है के आवेदनों को पात्रता अनुसार स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

किफायती आवास (एएचपी) जिसमें नगर निगम देवास द्वारा मेढकी बीराखेड़ी में नवीन योजना प्रस्तावित इकाइयों के हितग्राहियों को चयनित करने की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।

## ज्ञान पंचमी पर गोमाताओं को हरी घास व गुड़ खिलाया

**जावरा।** ज्ञान पंचमी पर जैन सौश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन ने जीवदया सोसायटी पर सदस्यो ने गौमाताओ को हरी घास व गुड़ का स्वामी वात्सल्य भोजन करा कर पुण्य लाभ लिया। मुख्य लाभार्थी पारसमल सौभाग्यमल औरा परिवार रहा। इस अवसर पर ग्रुप के वरिष्ठ मार्गदर्शक सुजानमल कोचट्टा ने कहा कि आज ज्ञान पंचमी है और मां सरस्वती की आराधना के साथ गौमाता की सेवा से बड़ा कोई पुण्य लाभ नहीं है ।



## राजेंद्र श्रोत्रिय की कृति मेरी उड़ान संस्मरण निश्चित रूप से सराहनीय : साहित्यकार व्यास

**जावरा। साहित्य समाज का दर्पण रहा है जब-जब सामाजिक राजनीतिक मूल्यों में गिरावट आई है साहित्य ने दर्पण दिखाने का प्रयास कर समाज और राष्ट्र को सुदृढ़ करने का काम किया है।**

राजेंद्र श्रोत्रिय द्वारा बेटी अर्चिता को समर्पित कृति मेरी उड़ान संस्मरण निश्चित रूप से सराहनीय है। उक्त विचार गांव बड़ीसाखतली में राजेंद्र श्रोत्रिय की संस्मरण पुस्तक मेरी उड़ान के विमोचन एव गांव की प्रतिभाशाली बेटियों के सम्मान समारोह में कांठल क्षेत्र के वरिष्ठ साहित्यकार हरीश व्यास ने व्यक्त किए। डीडी राणावत ने कहा कि छोटे से गांव से निकलकर राष्ट्रीय ही नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजेंद्र श्रोत्रिय ने जो साहित्यिक पहचान बनाई है।

**मिलन समारोह** | **मिलन समारोह में बोले- प्रधानमंत्री के स्वदेशी उपयोग के आव्हान का है नतीजा**

## खादी की बिक्री पूरे विश्व में लगभग 65 हजार करोड़ - सांसद गुप्ता

नवभारत न्यूज



**जावरा।** मार्केटिंग सोसायटी जावरा के परिसर में सोसायटी द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 127 वें संस्करण का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जावरा मन्दसौर क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता व सहकारिता क्षेत्र के नेता एवं मार्केटिंग सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष प्रकश मेहरा तथा भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कानसिंह चौहान के आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस मोके पर मुख्य अतिथि बतौर सांसद श्री गुप्ता ने दीपावली की शुभकामनाए देते हुए कहा की स्वदेशी उत्पाद को अपनाने व उपयोग करने से देश का पैसा देश में रहकर स्वदेशी वस्तुओं और उनसे सम्बन्धित कारखानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्रीजी के स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के आव्हान का नतीजा है कि आज खादी की बिक्री पूरे विश्व में लगभग 65 हजार करोड़ की हो गई है। श्री गुप्ता ने आगे कई उदाहरण देते हुए आव्हान किया कि स्वदेशी वस्तुए अपनाने में जहाँ बेरोजगारी समाप्त होगी वहीं स्वदेशी वस्तुओं का प्रचलन बढ़ेगा।

### इन्होंने किया स्वागत

दिलीप शाकल्य, प्रकाश कोठारी, चन्द्रप्रकाश ओस्तवाल, कीर्तिशरणसिंह, प्रदीप चौधरी, अशोक सेठिया, अभय कोठारी, ईश्वरलाल पाटीदार विनयसिंह श्रीमाल, शिखर धाड़ीवाल, राहुल उपमन्यु, इफ्तिखार पठान, पवन मेहरा, दीपक मालपानी, जगदीश बीर, शिवेन्द्र माथुर,अभिषेक बोरदिया, राजेश धाकड़ पार्षद प्रतिनिधि,लायन्स क्लब अध्यक्ष यश जैन, अभिभाषक संघ कोषाध्यक्ष अर्पित चत्तर, दशरथसिंह चौहान, धनपालसिंह (जेडी), अजीत चत्तर ने पुष्पमालाओं से स्वागत किया।